ज. NEWS
JAMUI TODAY

नकली शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली भारी मात्रा में स्पिरिट बरामद, 378 लीटर विदेशी शराब भी

उत्पाद विभाग ने किया जप्त



**जमुई** उत्पाद विभाग को बड़ी सफलता मिली है, नकली शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली स्पिरिट को उत्पाद विभाग ने चकाई चेक पोस्ट से वाहन जांच के दौरान पकड़ा है। स्पिरिट को ले जाने के लिए तस्कर दो ट्रैक्टर पर ऊपर पुआल रखकर नीचे प्लास्टिक के बड़े-बड़े डब्बे में स्पिरिट छुपाकर झारखंड के गिरिडीह के खोड़ी महुआ से लखीसराय ले जा रहे थे। उत्पाद विभाग की टीम ने जब दोनों ट्रैक्टर को जांच के लिए रोका तो ट्रैक्टर से 83 प्लास्टिक के बड़े-बड़े डब्बे में 3320 लीटर स्पिरिट बरामद हुआ है।

उत्पाद विभाग ने इस मामले में मुजफ्फरपुर जिला के रहने वाले नवीन कुमार और सुरेश राय को ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार किया है। इस मामले में उत्पाद अधीक्षक सुभाष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्पाद विभाग द्वारा 24 घंटे चेक पोस्ट पर वाहन जांच चलाया जाता है। उसी क्रम में चकाई के चेक पोस्ट से भारी मात्रा में दो ट्रैक्टर से स्पिरिट बरामद हुआ है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि लखीसराय में यह स्पिरिट के खेप किसी को सौंपना था। उन्होंने यह भी बताया कि संभवत है यह स्पिरिट नकली शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली थी। 40 लीटर स्पिरिट से लगभग 200 लीटर नकली शराब बनाई जा सकती है। यह जांच के बाद पता चलेगा कि इसकी प्रवृत्ति क्या है क्या यह ज़हरीला स्पिरिट है।

Source: https://www.jamuitoday.com/huge-quantity-of-spirit-used-in-making-spurious-liquor-recovered/